राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल से अल्ट्रा रनर सूफिया खान ने की मुलाकात

जयपुर, 20 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से रविवार को यहां राजभवन में राजस्थान की अल्ट्रा रनर सूफिया खान ने मुलाकात कर भाईचारे, एकता, शांति और सद्भाव के उद्देश्य से की जाने वाली अपनी दौड़ के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अल्ट्रा रनर सूफिया द्वारा कश्मीर से कन्याकुमारी तक सद्भावना के लिए दौड़ के जरिए किए जाने वाले प्रयासों के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सूफिया को अपने उद्देश्य में कामयाब होने की स्वस्तिकामना देते हुए मेडिकल कीट भी भेंट की।

मूलतः अजमेर की सूफिया ने एयर होस्टेस की पढ़ाई करने के बाद दिल्ली में एविएशन इंडस्ट्री में ड्यूटी ऑफिसर की नौकरी भी की। बाद में नौकरी छोड़कर ग्रेट इंडियन गोल्डन ट्राएंगल (दिल्ली, जयपुर, आगरा, दिल्ली) की 720 किमी की दूरी 16 दिन में पूरी की। इन दिनों वह संस्कृति, मानवता, भाईचारे के साथ–साथ एक–दूसरे के सम्मान सद्भावना के लिए देषभर में दौड़ के जरिए संदेश दे रही है।

———